## अपठित गद्यांश - 2

छोटे से गाँव में एक बच्चा रहता था जिसका नाम था रोहन। रोहन को अंधेरे से बहुत डर लगता था। रात होते ही वह डर के मारे अपनी माँ के पास दौड़कर चला जाता।

एक दिन रोहन की दादी ने उसे अपने पास बुलाया और कहा, "रोहन, क्या तुम जानते हो कि अंधेरा भी एक कहानी सुनाने वाला दोस्त है?"

रोहन ने हैरानी से पूछा, "अंधेरा और दोस्त? वो कैसे, दादी?"

दादी ने मुस्कुराते हुए कहा, "जब सब कुछ शांत हो जाता है और अंधेरा छा जाता है, तब चाँद और तारे अपनी रोशनी से हमें बताने आते हैं कि हर अंधेरे के पीछे एक उजाला छिपा होता है। अगर तुम अपनी आँखें बंद करके सुनोगे, तो हवा की सरसराहट और पत्तों की फुसफुसाहट तुम्हें एक नई कहानी सुनाएंगे।"

उस रात रोहन ने हिम्मत करके खुद को अंधेरे के साथ अकेला रखा। उसने अपनी आँखें बंद कीं और ध्यान से सुना। उसे हवा की मीठी आवाज सुनाई दी, जो कह रही थी, "डरो मत, मैं तुम्हारे साथ हूँ।" पत्तों ने भी सरसराते हुए कहा, "हम यहाँ तुम्हें सुलाने के लिए गा रहे हैं।"

धीरे-धीरे रोहन को एहसास हुआ कि अंधेरे में डरने की कोई बात नहीं है। यह तो उसकी नई दोस्ती की शुरुआत थी। अब रोहन रात को निडर होकर सोता और अपने अंधेरे वाले दोस्तों की कहानियाँ सुनता।

### कहानी को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें -

www.workceet.com

प्रश्न 1 - रोहन को किस बात से डर लगता था ?

उत्तर - ........................................................................................................................................

प्रश्न 2 - रोहन की दादी ने रोहन को बुला कर क्या कहा ?

उत्तर - ........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

प्रश्न 3 - दादी की बात सुनकर रोहन ने क्या किया ?

उत्तर - ........................................................................................................................................

प्रश्न 4 - पत्ते सरसराकर क्या कहते हैं ?

उत्तर - ........................................................................................................................................

प्रश्न 5 - आपको किस बात से डर लगता है ?

उत्तर - ........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

## अपठित गद्यांश - 6

इरफ़ान अपने दोस्त साहिल के साथ दुकान पर गया । उसे अपने लिए एक कॉपी खरीदनी थी । दुकान पर बड़ी भी थी । दुकानदार ने उसे 30 रुपये की कॉपी दी । इरफ़ान ने दुकानदार को 50 रुपए दिए । दुकानदार ने इरफ़ान को 70 रुपए लौटाए । इरफ़ान थोड़ा सकपका गया । दुकानदार सामान बेचने में लगा था ।

इरफ़ान ने दुकान से बाहर आकर साहिल से ये बात बताई । साहिल ने खुश होकर कहा अरे वाह आज तो मज़ा आ गया । दुकानदार को लगा होगा तूने उसे 100 रुपए दिए । चल इन पैसों से कुछ खा लेते हैं । लेकिन इरफ़ान को अच्छा नहीं लग रहा था । उसने साहिल को कहा हमें किसी की मेहनत के पैसे गलती से भी नहीं रखने चाहिए । साहिल ने कहा अब क्या करें ?

इरफ़ान साहिल को लेकर वापस सीधे दुकान में गया । उसने दुकानदार को हिसाब समझाया और पैसे लौटा दिए । दुकानदार बड़ा ही खुश हुआ उसने उन दोनों को एक-एक पेंसिल ईनाम में दी । दोनों दोस्त बड़े खुश होकर घर को लौटे ।

## कहानी को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें -

www.workceet.com

प्रश्न 1 - इरफ़ान क्या खरीदने दुकान में गया ?

उत्तर - ----------------------------------------

प्रश्न 2 - इरफ़ान ने दुकानदार को कितने रुपए दिए ?

उत्तर - ----------------------------------------

प्रश्न 3 - साहिल ने खुश होकर क्या कहा ?

उत्तर - ----------------------------------------

प्रश्न 4 - इरफ़ान को अच्छा क्यों नहीं लग रहा था ?

उत्तर - ----------------------------------------

----------------------------------------

प्रश्न 5 - आपने भी कभी ऐसे ही ईमानदारी दिखाई तो उसके बारे में लिखें ?

उत्तर - ----------------------------------------

----------------------------------------

नाम - ...............

# अपठित गद्यांश

दिनांक - ...............

## अपठित गद्यांश - 7

अमन अपने परिवार के साथ मेले घूमने गया । मेले में भीड़ बहुत थी । वह अपने भाई का हाथ पकड़े हुआ था । अचानक भीड़ की वजह से उसका हाथ छूट गया । वह घबरा गया ।

उसने आगे जाकर देखा तो उसे कोई नहीं मिला । उसके परिवार वाले उसे ढूंढने पीछे चले गए । अमन को अब कुछ समझ में नहीं आ रहा था । वह जोर-जोर से मम्मी - मम्मी पुकारने लगा । लेकिन मेले में शोर बहुत ज्यादा था । तभी उसकी नजर एक पुलिसकर्मी पर पड़ी । उसने हिम्मत जुटा कर उन्हें पूरी बात बताई ।

पुलिसकर्मी ने अमन से उनके परिवारवालों का फ़ोन नंबर पूछा तो, अमन को किसी का भी नंबर याद नहीं था । पुलिसकर्मी ने उसे घर का पता पूछा तो, अमन को वो भी ढंग से याद नहीं था । तब पुलिसकर्मी ने अमन को समझाया कि, देखो अगर आपको अपनी ये जानकारियां पता होती तो हम आपको, परिवार से जल्द मिला देते। लेकिन अब थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा ।

यह कहकर वह अमन को मेले के कैंप में ले गए । जहां से उन्होंने लाउडस्पीकर पर अमन के घर वालों के लिए संदेश भेजा । थोड़ी देर इंतजार के बाद अमन के घरवाले वहां आ गए और अमन से खुशी से लिपट गए ।

### कहानी को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें -

प्रश्न 1 - अमन अपने परिवार के साथ घूमने कहां गया ?

उत्तर - ------------------------------------------------

प्रश्न 2 - अमन ने किसका हाथ पकड़ा हुआ था ?

उत्तर - ------------------------------------------------

प्रश्न 3 - अमन ने किससे मदद माँगी ?

उत्तर - ------------------------------------------------

प्रश्न 4 - अमन को किन बातों की जानकारियां नहीं थी ?

उत्तर - ------------------------------------------------

------------------------------------------------

प्रश्न 5 - आप अपने घर का पता और माता - पिता के मोबाइल नंबर लिखें |

उत्तर - ------------------------------------------------

------------------------------------------------

www.workceet.com

नाम - ...............

# अपठित गद्यांश

दिनांक - ...............

## अपठित गद्यांश - 8

रिया को चॉकलेट बहुत पसंद थी । एक दिन वह अपने दोस्तों के साथ गली में खेल रही थी । तभी एक आदमी कार में आया । उसने सभी बच्चों से पूछा कि चॉकलेट किसे पसंद है ?

सभी ने हाँ कहा । उसने कहा आ जाओ मेरी गाड़ी में बहुत चॉकलेट है । तो रिया के अलावा कोई भी नहीं गया । रिया जैसे ही गाड़ी में गई तो उसने कहा अंकल कहाँ है चॉकलेट ?

उसने कहा वो तो उसके घर पर है । रिया ने जाने से मना किया तो, उसने जल्दी से दरवाज़ा बंद कर दिया और गाड़ी स्टार्ट की । रिया ज़ोर- ज़ोर से चिल्लाने लगी । उसकी आवाज़ सुनकर उनके पड़ोसी अंकल आ गए । उन्होंने गाड़ी रोककर उससे पूछताछ की । तब पता चला वह चोर था । सबने मिलकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया ।

### कहानी को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें -

प्रश्न 1 - रिया को क्या पसंद थी ?

उत्तर - ------------------------------------------------------------

प्रश्न 2 - कार से उतरे आदमी ने बच्चों से क्या पूछा ?

उत्तर - ------------------------------------------------------------

प्रश्न 3 - जब रिया ने जाने से मना किया तो उस आदमी ने क्या किया ?

उत्तर - ------------------------------------------------------------

प्रश्न 4 - वह अनजान आदमी कौन था ?

उत्तर - ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

प्रश्न 5 - इस कहानी से आपको क्या सीख मिली ?

उत्तर - ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

## अपठित गद्यांश - 10

मीना कक्षा 5 में पढ़ती थी । वह कक्षा में प्रथम आती थी । उसे इस बात का बड़ा घमंड था । वह छोटी - छोटी बातों की शिकायत मैडम से करके बच्चों को मार खिलाती थी । उसे यह सब करने में बड़ा मज़ा आता था ।

केवल दीपक था, जिसकी ड्राइंग में उससे ज्यादा नंबर आते थे । दीपक, मीना के पड़ोस में ही रहता था । वह दीपक से चिढ़ती थी । एक बार ड्राइंग प्रतियोगिता थी । दीपक उसके बगल में ही बैठ कर चित्र बना रहा था, उसकी ड्राइंग मीना से अच्छी बनी थी । मीना यह देख कर चिढ़ गई उसने गिरने का बहाना किया और दीपक की ड्राइंग में रंग गिरा दिए । दीपक को बहुत बुरा लगा, लेकिन मीना ने उसे सॉरी बोल दिया । दीपक ने उसे माफ कर दिया ।

अगले दिन मीना अचानक घर की सीढ़ियों से गिर पड़ी और उसकी टांग की हड्डी टूट गई । डॉक्टर ने पूरे 1 महीने के लिए उसे स्कूल न जाने को कहा । दीपक उसका हाल जानने घर पर आया और उससे अच्छे से बात की ।मीना ने उससे कहा 1 महीने बाद तो परीक्षाएं भी हैं, मैं कैसे कर के पास हो पाऊँगी ? दीपक ने कहा, चिंता मत करो मैं तुम्हें स्कूल का सारा काम बता दिया करूंगा ।

यह सुनते ही मीना को अपनी हरक़त पर बड़ा बुरा लगा । मीना रोने लगी और उसने ड्राइंग वाली बात सच - सच दीपक को बता दी । दीपक ने कहा, कोई बात नहीं अब आप ऐसा किसी और से मत करना । दीपक ने मीना की मदद की और इस बार भी मीना प्रथम आई । अब मीना सारे बच्चों से मिलजुल कर खुश रहने लगी ।

### कहानी को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें -

प्रश्न 1 - मीना कौन सी कक्षा में पढ़ती थी ?

उत्तर - ------------------------------------------------

प्रश्न 2 - ड्राइंग में किसके ज्यादा नंबर आते थे ?

उत्तर - ------------------------------------------------

प्रश्न 3 - मीना की टांग कैसे टूटी ?

उत्तर - ------------------------------------------------

प्रश्न 4 - मीना ने दीपक को क्या सच बताया ?

उत्तर - ------------------------------------------------

------------------------------------------------

प्रश्न 5 - इस घटना के बाद मीना ने बच्चों से कैसे व्यवहार किया होगा ?

उत्तर - ------------------------------------------------

------------------------------------------------